# सहारा तेरा है बाबा | by Nikunj Prem

सहारा तेरा है तेरा है बाबा
तू ही मेरा कशी काबा
सहारा तेरा है तेरा है बाबा

चौखट तेरी मेरा ठिकाना
और नहीं कहीं जाना
मुझे अब और नहीं कहीं जाना
भटक रहा था मैं तो कबसे
चरणों में अब मन लगा
सहारा तेरा है तेरा है बाबा ......

तेरे दर्शन को तरसे नैना
पावे ना एक पल चैना
टूट ना पाए ऐसा बंधा है
तुमसे ये प्रेम का धागा
सहारा तेरा है तेरा है बाबा ......

दास तुम्हारे तुमको पुकारे
आजाओ बाबा हमारे
हमारे, आजाओ बाबा हमारे
मैं अज्ञान की नींद था सोया
तेरी कृपा से जागा
सहारा तेरा है तेरा है बाबा ......

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%88-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-by-nikunj-prem/